
**प्रतियोगिता** | जिला स्तरीय खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन

# दिव्यांग बच्चों में जोश और जज्बा, खूब चमकी प्रतिभा





**नवभारत, जबलपुर।** रानीताल स्टेडियम उत्साह, उमंग और रंगों से सराबोर नजर आया। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित दिव्यांग बच्चों की जिला स्तरीय खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिता में बच्चों की प्रतिभा ने हर किसी को प्रभावित कर दिया। सुबह कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती पूजन, वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई और पूरा परिसर तालियों की गूंज से भर उठा।

### प्रतियोगिताओं में दिखा हुनर और आत्मविश्वास

प्रतियोगिता में चित्रकला, रंगोली, मेहंदी, 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, नींबू-चम्मच दौड़ और कुर्सी संगीत दौड़ का रोमांच देखने को मिला। पूरे जिले से चयनित 199 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपनी क्षमता का परिचय दिया। विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन की भी व्यवस्था की गई।

### अधिकारियों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डीपीसी योगेश शर्मा, नोडल डॉ. रामनरेश पटेल, एपीसी तरुण राज दुबे, बीआरसी सुरेन्द्र जैन, केशव दुबे, आशीष श्रीवास्तव, डीसी अहिरवार, बीएसी अजय रजक, जितेंद्र वैद्य सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बीएसी अजय रजक ने किया।

### दिव्यांग बच्चों में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं: विधायक

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है, ये बच्चे विशेष हैं और किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं। विकसित भारत के निर्माण में इनका महत्वपूर्ण योगदान है।

### इनका कहना है



मुझे चित्रकला बहुत पसंद है। आज यहां आकर अपनी पेंटिंग सभी को दिखाने का मौका मिला, यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। जब लोगों ने तालियां बजाईं तो लगा कि मैं और भी अच्छा कर सकती हूं।

**वंशिका राजपूत**
**दिव्यांग छात्रा**



मैंने भोलेनाथ की पेंटिंग पूरे मन से बनाई। इतने बड़े मंच पर पहली बार हिस्सा लिया, बहुत अच्छा लगा। आगे भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना नाम रोशन करना चाहता हूं।

**ओम द्विवेदी**
**दिव्यांग छात्र**

# आज स्वर्ण रथ बनेगा गजरथ का मुख्य आकर्षण

▸ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव



**नवभारत,जबलपुर।** बड्डा दद्दा मैदान में पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव का छठवाँ दिन सूर्योदय की लालिमा और पक्षियों की मधुर चहचहाट के बीच आध्यात्मिक उल्लास से भर उठा। आचार्य श्री समयसागर महाराज की उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक ऊँचाई प्रदान की। आज सातवें दिन श्रद्धा और भव्यता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा, आज महोत्सव में 6 रजत रथों के साथ अजमेर से आया स्वर्ण रथ आकर्षण का केंद्र रहेगा। पंचकल्याणक में देशभर से श्रद्धालुओं का आगमन लगातार जारी है और आज संख्या दो लाख से अधिक होने का अनुमान है। आचार्य श्री समयसागर महाराज ने कहा कि प्रभु को केवलज्ञान तप के फलस्वरूप प्राप्त हुआ। वैराग्य तभी उत्पन्न होता है जब वस्तु का वास्तविक स्वरूप ज्ञात हो। पंचेंद्रियों के विषयों का आकर्षण वैराग्य में बाधक है। ऋषभनाथ प्रभु ने 6 माह तक संकल्पपूर्वक अनशन किया और परिषहों पर विजय प्राप्त की। उन्होंने बताया कि साधना की सीमा तभी मानी जाती है जब साध्य की उपलब्धि हो।

### गजरथ स्थल पर केसरिया वातावरण

हजारों केसरिया पताकाओं और केसरिया वस्त्रों में सुसज्जित इन्द्र-इन्द्रणियों ने पूरे गजरथ स्थल को भक्ति के रंग से सरोबार कर दिया। भगवान श्री जी का इन्द्र-इन्द्राणियों द्वारा पूजन, अभिषेक, शांतिधारा, नित्य महापूजन, तप कल्याणक पूजन एवं शांति हवन संपन्न हुआ। नवदीक्षित मुनि आदि कुमार को आहार देने का सौभाग्य राजा श्रेयांस को प्राप्त हुआ।

### समवशरण का अनावरण, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति

समवशरण का अनावरण पवन (एल.आई.सी.) द्वारा किया गया, जबकि समवशरण की आरती अनिल जैन गोटेगांव ने संपन्न की। सांसद आशीष दुबे ने गजरथ स्थल पहुँचकर आचार्य श्री को श्रीफल समर्पित किया और उन्हें दयोदय तीर्थद गौशाला एवं गजरथ महोत्सव समिति द्वारा सम्मानित किया गया। दोपहर में राज्यमंत्री लखन पटेल, पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया, विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व मंत्री तरुण भनोत और पूर्व मंत्री-विधायक लखन घनघोरिया गजरथ स्थल पहुँचे। सभी ने आचार्य श्री के दर्शन कर श्रीफल भेंट किया। गजरथ महोत्सव समिति ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। पूर्णायु संस्थान की कई छात्राओं को भी उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। मंच पर पूर्व राज्यमंत्री शरद जैन उपस्थित थे और संचालन अमित पड़रिया ने किया।

# व्हीकल फैक्टरी के खिलाड़ी दिखाएंगे अपना दमखम

**13 से 18 दिसम्बर तक एवीएनएल चेयरमैन कप 2025**



**नवभारत, जबलपुर।** व्हीकल फैक्टरी जबलपुर में 13 से 18 दिसम्बर 2025 तक बहुप्रतीक्षित एवीएनएल चेयरमैन कप 2025 का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें एवीएनएल की विभिन्न उत्पादन इकाइयों से लगभग 300 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पत्रकार वार्ता में मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण कुमार ने बताया कि छह दिनों तक चलने वाले इस खेल उत्सव में क्रिकेट, बैडमिंटन, बिलियर्ड्स, स्नूकर, शतरंज, टेबल टेनिस, कैरम और बॉस्केटबॉल की रोमांचक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। कार्यक्रम की शुरुआत 13 दिसम्बर को प्रात: 9 बजे व्हीएफजे स्टेडियम में मुख्य महाप्रबंधक प्रचीण कुमार द्वारा किया जायेगा। उसी दिन बैडमिंटन मुकाबले होंगे, जबकि क्रिकेट प्रतियोगिता 13 से 18 दिसम्बर तक रानीताल मैदान में चलेगी। 15 से 17 दिसम्बर के बीच सीनियर क्लब में बिलियर्ड्स, स्नूकर, शतरंज, टेबल टेनिस और कैरम खेलों का आयोजन होगा। इसी अवधि में व्हीएफजे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता भी खेली जाएगी। 18 दिसम्बर को शाम 5:30 बजे व्हीएफजे स्टेडियम में भव्य समापन समारोह रखा गया है, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पत्रकार वार्ता में खेल के नोडल ऑफिसर राजेश खन्ना, स्पोर्ट्स ऑफिसर प्रणव प्रियम, एचआर श्वेता जौहरी गुप्ता, कर्नल इमानुअल फोसिस एवं जनसंपर्क अधिकारी शैलेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# आपदा राहत कार्यों में 5075 व्यक्तियों को होमगार्ड ने सुरक्षित बचाया

▸ धूमधाम से मनाया 79वां होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस



**नवभारत,जबलपुर।** 6 दिसंबर 2025 को डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड लाइन में 79वां होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे और अध्यक्ष आशीष खरे, डिवीजनल कमांडेंट होमगार्ड, ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। जवानों ने परेड कमांडर पुष्पेन्द्र अहिरवार और प्लाटून कमांडर श्रीमती रोशनी ठाकुर के नेतृत्व में शानदार परेड का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया और जवानों को सलामी दी। होमगार्ड, सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ के जवानों द्वारा मॉक ड्रिल में आपदा प्रबंधन कौशल प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में खेल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी हुईं। शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों के बच्चों को विभागीय निधि से पुरस्कार प्रदान किए गए। वर्षभर आपदा प्रबंधन और कानून व्यवस्था में योगदान देने वाले अधिकारियों एवं जवानों को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी और होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के सदस्यों को उनके योगदान के लिए बधाई दी। डिवीजनल कमांडेंट आशीष खरे ने राष्ट्रपति, केंद्रीय गृह मंत्री और महानिदेशक होमगार्ड का संदेश साझा किया, जिसमें बताया गया कि पिछले वर्ष आपदा राहत कार्यों में 5075 व्यक्तियों को सुरक्षित बचाया गया और 67784 सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में सेवा निवृत्त जिला सेनानी बी.एस. मरकाम, के.के. डबराल और विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, स्वयंसेवी जवानों के परिवार उपस्थित थे। समापन पर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट नीरज सिंह ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

## एक नजर में



### शताब्दी वर्ष में आत्मनिर्भर आनंद मेला का शुभारंभ

**नवभारत, जबलपुर।** महाराष्ट्र शिक्षण मंडल की शताब्दी समारोह श्रृंखला के अंतर्गत महाकोशल विद्यालय परिसर, गोल बाजार में दो दिवसीय 'आत्मनिर्भर आनंद मेला' का भव्य शुभारंभ विधायक अभिलाष पांडे द्वारा किया गया। समारोह में शिक्षण मंडल के अध्यक्ष डॉ. जयंत तनखीवाले, उपाध्यक्ष उदय परांजपे, सचिव प्रमोद पाठक, उत्सव समिति के उपाध्यक्ष अनिल राजुरकर, सचिव अविनाश हलबे, सह सचिव अजय भालेराव, पूर्व छात्र प्रभारी दीपक उबाले, मेला संयोजक मनोज चौधरी, नितिन उपाध्ये, लीना वाते, सोनल उज्जैनकर सहित शिक्षण मंडल के सभी शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मेला परिसर में पूर्व एवं वर्तमान छात्रों के लिए रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसका संयोजन शिक्षिकाओं श्रद्धा पाठक, रेखा पटेल, जयश्री दीक्षित, अर्चना साने एवं हेमलता बेहरे ने किया। शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं हाऊजी का आयोजन मेले की भरपूर रौनक बढ़ा रहा है।



### पूर्णिका विधा की 25 कृतियों का विमोचन

**नवभारत,जबलपुर।** आभा साहित्य संघ पूर्णिका मंच के तत्वावधान में कला वीथिका में अखिल भारतीय पूर्णिका उत्सव का भव्यता के साथ आयोजन किया गया, जिसमें देश-प्रदेश सहित नगर के पूर्णिकाकारों की 25 किताबों का विमोचन एवं पूर्णिका पर कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता डॉ.हरिशंकर दुबे ने की। मुख्य अतिथि डॉ. बैजनाथ गौतम, विशिष्ट अतिथि डा. कृष्णकुमार नेमा निर्झर सीहोर सहित डॉ. विभा प्रकाश लखनऊ रहे। सारस्वत अतिथि गायत्री ठाकुर सक्षम नरसिंहपुर, डॉ. दीनदयाल यादव नीलेश बिलासपुर, डॉ. अनिलकुमार वाजपेयी थे, वहीं विशेष आमंत्रित अतिथि करुणासिंह कल्पना रांची, रामगोपाल निर्मलकर सिवनी थे। पूर्णिका विधा के संस्थापक डॉ.सलपनाथ यादव के मार्गदर्शन, अंशुल मिश्रा के संयोजन में आयोजित समारोह में सरस्वती वंदना सिद्धेश्वरी सराफ ने की। साहित्य की नव्यतम विधा पूर्णिका पर यशोवर्धन पाठक,डॉ. निर्मला डोंगरे वृंदावन, विजय बागरी कछारगांव ने विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने कहा कि पूर्णिका विधा की सहजता और गेयता के कारण साहित्य जगत में यह विद्या लोकप्रिय हुई है। राजेश पाठक प्रवीण, एवं आशुतोष तिवारी ने समारोह का संचालन किया। समारोह के समन्वयक राजेन्द्र मिश्र,एम. पी. कोरी उपस्थित थे।सभी पूर्णिकारों को जिनकी कृति विमोचित हुई उन्हें पूर्णिकाचार्य की उपाधि से सम्मानित किया गया।

### टीम रेनबो और सैफरॉन ने जीते मैच

**जबलपुर, नवभारत।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वाधान में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर एवं हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के सहयोग से 16-वां एडवोकेट्स प्रीमियम लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेन्ट का पहला मैच टीम रेन्बो एवं टीम डायमंड के बीच आयोजित किया, जिसमे टीम रेन्बों ने 68 रन से मैच जीता। इसी क्रम में दूसरा मैच टीम सनराइज और टीम सैफरॉन के बीच आयोजित किया गया जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा के द्वारा मैच का टास कराया गया, जिसमें टीम सैफरॉन 5 विकेट से विजेता बनी।

# स्वच्छता और बेहतर वायु गुणवत्ता के लिए निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त मैदान में उतरे



**नवभारत, जबलपुर।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को चाकचौबंद बनाने और वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से प्रशासनिक अमला पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के साथ अब अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान के अलावा समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, विभागीय अधिकारियों के साथ साथ स्वास्थ्य अधिकारी सभी संभागीय अधिकारियों के द्वारा भी दौरा किया जा रहा है। अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान ने शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा कर सफाई कार्यों का जायजा लिया। अपर आयुक्त चौहान ने ट्रांसफर स्टेशन छुईखदान, वर्कशॉप, महत्वपूर्ण तालाबों और शहर के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था का बारीकी से मुआयना किया और मौके पर मौजूद कर्मचारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।निरीक्षण के अवसर पर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक संतोष गौर आदि उपस्थित रहे।



## नारायणा स्कूल का एनुअल डे कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर, नवभारत।** नारायणा ई टेक्नो विद्यालय में शनिवार दोपहर वार्षिक उत्सव कार्यक्रम रखा गया इसका शीर्षक पुकार : द कॉल ऑफ लैंड था। जिसकी प्रस्तुतियां सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स विषय पर आधारित थी। जिसके माध्यम से विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सभी को सुस्थिर विकास लक्ष्यों के प्रति जागरूकता और जिम्मेदार भविष्य निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीठाधीश्वर संत नर्मदानंद सरस्वती जी, सांसद आशीष दुबे, जिला पंचायत सदस्य सतेंद्र सिंह ठाकुर, प्राचार्य जयंती अय्यर, एजीएम अनिल भंडारी, रवि पटेल, राकेश नगाइच, नीलेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेखा यादव, शुभ्रा सोलंकी उप प्रधानाचार्य, दीपांशु बादल एकेडमिक डीन सहित शिक्षकों का सहयोग रहा।



## नो प्लास्टिक अभियान चलाया

**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशों पर नगर निगम जबलपुर द्वारा नो पॉलीथिन, नो सिंगल यूज्ड प्लास्टिकज् अभियान को व्यावसायिक क्षेत्रों में निरंतर चलाया जा रहा है। निवारगंज अनाज एवं सब्जी मंडी जैसे व्यस्त बाजारों में जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित करना इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इस दौरान दौरान संभाग क्रमांक 05 के स्वास्थ्य निरीक्षक अभिषेक मिश्रा, सुपरवाइजर सपना, राकेश, गोपाल एवं अन्य कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# निगमायुक्त ने वेस्ट टू एनर्जी, सीएंडडी प्लांट व डॉग हाउस का लिया जायजा



**जबलपुर,नवभारत।** शहर के कचरे के प्रशंस्करण एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था को चाकचौबंद बनाने निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के साथ अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान के अलावा उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन, सहायक यंत्री अभिनव मिश्रा के द्वारा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की दक्षता को बढ़ाने, परिचालन सुरक्षा सुनिश्चित करने और बिजली उत्पादन की क्षमता को अधिकतम करने के लिए जारी ओवर हॉलिंग मेंटेनेंस कार्य के साथ-साथ सी एंड डी प्लांट एवं डॉग हाउस का किया निरिक्षण किया गया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि नगर निगम सीमा क्षेत्र कठोंदा मे स्थित 600 टी.पी.डी. का वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट, जहां पर जबलपुर के कचरे को जलाकर बिजली बनाई जाती है, जिसे 7 अक्टूबर 2025 से उच्चस्तरीय और योजनाबद्ध रखरखाव के लिए अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया था। यह मेंटेनेंस प्लांट की दक्षता को बढ़ाने, परिचालन सुरक्षा सुनिश्चित करने और बिजली उत्पादन की क्षमता को अधिकतम करने के लिए आवश्यक था, उन्होंने यह भी बताया की बॉयलर ड्राई-आउट कार्य ऊर्जा उत्पादन की मुख्य प्रक्रिया को सुरक्षित रूप से शुरू करने के लिए, बॉयलर में ड्राई-आउट की प्रक्रिया शुरू हो गई है, साथ ही साथ टर्बाइन रोटर एवं सुपर हीटर इंस्टॉलेशन का कार्य प्रगतिरत है। निगमायुक्त के द्वारा निर्माण एवं विध्वंश अपशिष्ट एवं डॉग हाउस का भी निरिक्षण कर संचालक को प्लांट को नियमित एवं सुचारू रूप से चलने के लिए निर्देश दिए।

**आयोजन** | भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर की पुण्य तिथि पर माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी का अयोजन

# सामाजिक समरसता के लिए बाबा साहेब का व्यापक दृष्टिकोण अनुकरणीय : कुलगुरु



**नवभारत,जबलपुर।** रादुविवि में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय परिसर स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। दूसरे चरण में विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर एक युगपुरुष थे। सामाजिक समरसता के लिए बाबा साहेब का व्यापक दृष्टिकोण अनुकरणीय है। इस अवसर पर एडवोकेट एन पी चौधरी, डॉ लोकेश श्रीवास्तव ,अनिल धनगड़, अजय झारिया, सुखदीन कटारे, राकेश गोंड़, रवि अहिरवार, सुनील राज, रामशंकर द्विवेदी, लक्ष्मण गौड़, सुब्बाराव, अनिल उसरेठे, राजेश मरावी, श्रीलाल बैगा सहित शिक्षक, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### भारतीय सर्व जनजाति सेना ने किए श्रद्धा सुमन अर्पित

भारतीय सर्व जनजाति सेना के द्वारा अम्बेडकर चौक प्रतिमा स्थल पहुँचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तेकाम, अनिल परस्ते, राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्रकुमार कुलस्ते, रा.उपा. धनराज सिंह पुसाम, रा.महासचिव शैलेश सिंह लोधी, राजेन्द्र सिंह तेकाम एवं अनिल परस्ते, रमेश धुर्वे, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ ने दी श्रृद्धांजलि

आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेश चौधरी, तेजकुमार भगत, तरुण रोहितास,सी एस सिरसाठ, राजकुमार सिंह,जीवन जाटव,सुनील चौधरी,सोनेलाल उरेती,नत्थूलाल सतनामी राजेंद्र कापसे,जीवन जाटव आदि उपस्थित थे।




### आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ ने किया माल्यार्पण

डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर जबलपुर आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ ने तहसील चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महासंघ के अध्यक्ष शंकरलाल गोटिया, राष्ट्रीय संरक्षक शैलेश सिंह लोधी, तथा अशोक गोरिया, प्रकाश गोरिया, राजेन्द्र गोलिया, विनोद गोरिया, बर्स गोरिया, आनन्दीलाल खलीफा, हेमल ठाकुर और टिमसागर भरकाम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।